# आकाशवाणी गोरखपुर
# प्रादेशिक समाचार

दिनांक–14 मार्च 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लांच किया पीएम सूरज राष्ट्रीय पोर्टल। देश के चार सौ सत्तर से अधिक जिलों से हजारों लाभार्थी वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में हुए शामिल।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्नाव, बरेली और फर्रूखाबाद में आठ सौ करोड़ रुपये से अधिक परियोजनाओं का किया शुभारम्भ। कहा– पिछले दस वर्षों में देश ने नई ऊंचाइयों को प्राप्त किया।
- सोलह लाख राज्य कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में चार फीसदी की हुई वृद्धि।
- आकाशवाणी समाचार और दूरदर्शन समाचार की संशोधित वेबसाइट का केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने किया शुभारम्भ।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल 'प्रधानमंत्री सामाजिक उत्थान और रोजगार आधारित जनकल्याण' पीएम–सूरज राष्ट्रीय पोर्टल लॉन्च करने के साथ ही वंचित समुदायों के एक लाख उद्यमियों के लिए ऋण सहायता को भी मंजूरी दी। प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग और स्वच्छता कर्मियों सहित वंचित वर्गो के विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों के साथ बातचीत भी की। इस कार्यक्रम में देश भर के 470 से अधिक जिलों से वंचित समूहों के विभिन्न सरकारी योजनाओं के लगभग तीन लाख लाभार्थियों ने वर्चुअली हिस्सा लिया। प्रधानमंत्री ने नेशनल एक्शन फॉर मैकेनाइज्ड सैनिटेशन इकोसिस्टम नमस्ते के तहत सीवर और सेप्टिक टैंक श्रमिकों को आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड और पीपीई किट वितरित किए। कौशाम्बी, फतेहपुर, मुरादाबाद, सुल्तानपुर, अमेठी, लखीमपुर खीरी, चित्रकूट और प्रयागराज से हमारे प्रतिनिधियों ने बताया कि बड़ी संख्या में लाभार्थी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल उन्नाव, फर्रूखाबाद और बरेली में आठ सौ सत्तावन करोड़ रूपये से अधिक के लागत वाली दो सौ उन्नहत्तर विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। सबसे पहले मुख्यमंत्री ने उन्नाव के फतेहपुर चैरासी स्थित ग्राम चंद्रिकाखेड़ा में शहीद गुलाब सिंह लोधी की प्रतिमा का अनावरण किया। उसके बाद दो सौ इक्तालीस करोड़ छब्बीस लाख की एक सौ तीन परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि पिछले दस वर्षों में भारत ने विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त किया है। इसी का परिणाम है कि भारत विश्व गुरु के रूप में उभरता हुआ दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के अगले कार्यकाल में भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। इसके बाद मुख्यमंत्री ने जनपद फर्रूखाबाद में दो सौ अठ्ठासी करोड़ पच्चीस लाख़ की एक सौ दो परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि आज फर्रुखाबाद, किसान क्रेडिट कार्ड द्वारा दस मिनट में लोन की सुविधा से जुड़ने वाला देश का पहला जनपद बन गया है।

***देश के अंदर पिछले दस वर्ष में जो परिवर्तन हुआ है उस परिवर्तन का ही आज परिणाम है कि देशवासी आज एक नए संकल्प के साथ आगे बढ़े और हर देशवासी का एक संकल्प बना है विकसित भारत विकसित भारत के लिए विकसित उत्तर प्रदेश आवश्यक है विकसित। उत्तर प्रदेश के लिए फर्रुखाबाद का विकसित होना भी आवश्यक है। फर्रुखाबाद के विकसित होने के लिए एक एक गांव एक एक नगर निकाय को विकसित होना पड़ेगा और विकसित उत्तर प्रदेश की संकल्पना के साथ आगे बढ़ेगे, तो विकसित भारत को कोई ताकत रोक नहीं सकती है।***

इसके बाद मुख्यमंत्री ने जनपद बरेली में तीन सौ अठ्ठाइस करोड़ की चैंसठ विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महंगाई भत्ते में चार फीसदी वृद्धि पर सहमति देकर प्रदेश के सोलह लाख राज्य कर्मियों को होली का उपहार दिया है। इस बढ़ोत्तरी के बाद राज्य कर्मचारियों को अब 46 फीसदी की बजाय 50 फीसदी की दर से महंगाई भत्ता मिलेगा। यह आदेश एक जनवरी दो हजार चैबीस से प्रभावी होगा। अपर मुख्य सचिव ने महंगाई भत्ते में वृद्धि का आदेश जारी कर दिया है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ के लोकभवन सभागार में एमएसएमई क्षेत्र के लिये 30 हजार 826 करोड़ के मेगा ऋण वितरित किये। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि चीन के उत्पादों को हमने अपने बाजार से बहुत दूर कर दिया है। यही हमारे एमएसएमई यूनिट्स की ताकत का परिणाम है। इससे बड़ा राष्ट्रवाद क्या हो सकता है कि अगर हमारे घर का उत्पाद बाजार में छा रहा है तो हमें भी उसे प्रोत्साहित करना होगा उसे प्रेरित करके प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराना होगा। आज दीपावली, विजयदशमी, ईद और क्रिसमस पर यूपी के उत्पाद ही बाजार में देखने को मिल रहे हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने उन्नाव में स्वीकृत प्लेज पार्क के विकासकर्ताओं को चेक वितरित किया। वहीं उन्होंने औद्योगिक आस्थानों में भूखंडों के आवंटन के लिए ऑनलाइन पोर्टल का भी शुभारंभ किया।

**********

सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कल नई दिल्ली में आकाशवाणी समाचार और दूरदर्शन समाचार की संशोधित वेबसाइट शुरू की। उन्होंने पीबी शब्द यानी प्रसार भारती शेयर्ड आडियो विजुअल्स फॉर ब्राडकास्ट डिसेमिनेशन नामक न्यूज सर्विस की भी शुरूआत की। इस अवसर पर श्री ठाकुर ने कहा कि लोक प्रसारक के रूप में दूरदर्शन और आकाशवाणी वर्षों से सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। श्री ठाकुर ने कहा कि प्रसार भारती अब समाचार संगठनों को विभिन्न भाषाओं में वीडियो, ऑडियो, फोटो और पठन सामग्री उपलब्ध कराने के लिए तैयार है। उन्होंने इसे क्रांतिकारी कदम बताया। श्री ठाकुर ने कहा कि पिछले आठ दशकों से आकाशवाणी सूचना के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि कोविड महामारी के दौरान इसकी भूमिका महत्वपूर्ण थी। श्री ठाकुर ने कहा कि न्यूज़ ऑन ए आई आर ऐप सरकारी योजनाओं के बारे में समाचार और जानकारी प्राप्त करने का एक शक्तिशाली माध्यम है। सूचना और प्रसारण सचिव संजय जाजू ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रसार भारती शब्द, संशोधित वेबसाइट और ऐप, समाचार संगठनों और लोगों तक सूचना प्रसारित करने में लाभदायक होंगे।

**********

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने तीन लाख रिक्तियों के साथ राष्ट्रीय कैडेट कोर के विस्तार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। एनसीसी की बढती मांग को पूरा करने के लिए अब देशभर के शैक्षणिक संस्थानों से कैडेट्स शामिल किए जाने की उम्मीद है। योजना के तहत चार नए समूह मुख्यालयों और दो नई एनसीसी इकाईयों की स्थापना भी की जाएगी। मंत्रालय ने कहा कि विस्तार योजना में पूर्व सैनिकों को एनसीसी प्रशिक्षक के रूप में रोजगार देने का प्रस्ताव है। रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने बताया कि इस फैसले से एनसीसी विश्व का सबसे बडा वर्दीधारी संगठन बन गया है।

**********

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कल राजभवन में आयोजित एक समारोह में प्रदेश के नवनियुक्त मुख्य सूचना आयुक्त राज कुमार विश्वकर्मा सहित दस अन्य राज्य सूचना आयुक्तों को शपथ दिलाई। समारोह में शपथ लेने वाले सूचना आयुक्तों में सुधीर कुमार सिंह, गिरजेश कुमार चौधरी, डॉ. दिलीप कुमार अग्निहोत्री, पदुम नारायण सहित अन्य लोग शामिल थे। राज्यपाल ने सभी को नवीन उत्तरदायित्व देने की बधाई और सफल कार्य सम्पादन की शुभकामनाएं दी।

**********

होली के मौके पर यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे प्रशासन की ओर से विभिन्न शहरों के बीच कई स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय किया गया है। पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन ने बारह जोड़ी ट्रेनें चलाने की घोषणा की है। ये स्पेशल ट्रेनें बीस मार्च से तीन अप्रैल के बीच चलेंगी। इनमें दिल्ली, चंडीगढ़, अमृतसर के अलावा सिकन्दराबाद और हैदराबाद के लिये भी ट्रेनें शामिल हैं। इसी क्रम में एक जोड़ी स्पेशल ट्रेन टनकपुर से दौराई तथा दौराई से टनकपुर के बीच चलाई जाएगी। इससे पीलीभीत और आसपास के यात्रियों के लिये दिल्ली और अजमेर तक की यात्रा सुगम हो जायेगी। इज्जतनगर मंडल के जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि होली पर विशेष गाड़ी बाइस से उन्तीस मार्च तक हर शुक्रवार, सोमवार और बुधवार को टनकपुर से प्रस्थान करेगी। यह गाड़ी बरेली, मुरादाबाद तथा दिल्ली होते हुए दूसरे दिन दौराई पहुंचेगी।

**********